प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में किया गया उद्यान सप्ताह का आयोजन
विद्यार्थियों में दिखा एक नया उत्साह

पन्तनगर। 6 जून, 2024। विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान विभाग द्वारा 28 मई से 1 जून 2024 तक उद्यान सप्ताह का आयोजन किया गया। उद्यान सप्ताह के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, क्रिकेट, बैडमिन्टन, रस्साकसी, 3 किलोमीटर पैदल चाल एवं 100 मीटर और 400 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. वी.के. राव, विभागाध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान डा. ओमवीर सिंह, प्राध्यापक/कोषाध्यक्ष, डा. रश्मि पंवार, सहायक प्राध्यापक/स्टाफ काउन्सलर, डा. बी.डी. भुज, डा. रंजन कुमार श्रीवास्तव, डा. ए.के. सिंह, डा. अजीत कुमार कपूर, श्री प्रभाकर जोशी उपस्थित रहे।

उद्यान सप्ताह का प्रारम्भ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुआ जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में से श्री सुरेन्द्र धामी ने प्रथम पुरस्कार, कु. राशी गुंसाई ने द्वितीय पुरस्कार एवं कु. रिया पाठक ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। फल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कु. अरून्धति सेमवाल, श्री सौरभ टम्टा, कु. सुमन मौर्या ने प्रथम पुरस्कार, कु. कीर्तिका शर्मा ने द्वितीय पुरस्कार, कु. प्रीती बिष्ट एवं कु. साहिरा रैहाना के.टी. ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पुष्प विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कु. पूजा फर्त्याल ने प्रथम, श्री आयुश कुमार शाह, कु. रविना राना ने द्वितीय एवं कु. दिव्य लक्ष्मी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पुरूष एकल बैडमिन्टन प्रतियोगिता में श्री योगराज कुशवाहा प्रथम एवं श्री सौरभ टम्टा ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। महिला एकल बैडमिन्टन प्रतियोगिता में कु. प्रेरना प्राची ने प्रथम एवं कु. रिद्धि बिष्ट ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। मिश्रित युगल प्रतियोगिता में श्री सौरभ टम्टा एवं श्री ऋषभ राज ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया एवं कु. प्रेरना प्राची, कु. प्रतिष्ठा चौधरी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। रस्सा–कसी प्रतियोगिता में कु. चंचल तिवाड़ी की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया एवं कु. प्रियंका कक्कड़ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों की 400 मीटर दौड़ में श्री आयुष कुमार शाह ने प्रथम स्थान, श्री निश्चय जोशी ने द्वितीय स्थान एवं श्री मनीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में कु. पूजा फर्त्याल ने प्रथम, कु. प्रेरना प्राची ने द्वितीय एवं कु. डौली रौतेला ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। छात्राओं की 3.0 किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में कु. रिद्धि बिष्ट ने प्रथम, कु. दिव्य लक्ष्मी ने द्वितीय एवं कु. पूजा फर्त्याल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्वावा जाइन्ट्स एवं ग्रेट ग्लैडियोलस की टीम के मध्य मैच खेला गया जिसमें ग्वावा जाइन्ट्स की टीम ने प्रथम पुरस्कार एवं ग्रेट ग्लैडियोलस की टीम ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

उद्यान सप्ताह के सफल आयोजन में उद्यान समिति, पन्तनगर की जनरल सेक्रेटरी कु. प्रियंका कक्कड़ एवं कु. कृष्णा नेगी, कु. नेहा देवरानी, कु. चंचल तिवाड़ी, श्री ऋषभ राज व श्री हेमन्त शर्मा का योगदान रहा।

1: प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार